जैन दर्शन

00007

**Set No. 1** **Question Booklet No.**

# 12P/268/31

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

**Roll No.** | | | | | | | | |

**Roll No. (Write the digits in words)** ..................................................................................................

**Serial No. of Answer Sheet** ..............................................

**Day and Date** .................................................................... ..........................................
**( Signature of Invigilator )**

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen in the space prvided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Queston Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded **zero marks**).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit only **OMR** ***Answer Sheet*** at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

**Total No. of Printed Pages :24** *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए हैं।]*

# 12P/268/31

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

***Time : 2 Hours*** | ***Full Marks : 450***

***समय : 2 घण्टे*** | ***पूर्णाङ्क : 450***

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer***. **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3 ( तीन )** अंक का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक ***शून्य*** होगा।

**(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.**

**यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।**

**01.** भ० महावीर कौन–से तीर्थंकर थे ?

(1) इक्कीसवें (2) बाईसवें (3) तेईसवें (4) चौबीसवें

**02.** महावीर के पिता का नाम क्या था ?

(1) जनक (2) सिद्धार्थ (3) दिलीप (4) रघु

**03.** महावीर की माता कौन थीं ?

(1) कैकेयी (2) कौशल्या (3) त्रिशला (4) सुमित्रा

**04.** महावीर का जन्म कहाँ हुआ था ?

(1) नागपुर में (2) कुंडलपुर में

(3) जबलपुर में (4) जगदलपुर में

05. महावीर का जन्म किस तिथि को हुआ था ?

(1) कार्तिकी अमावस्या को (2) चैत्र शुक्ला त्रयोदशी को

(3) श्रावण शुक्ला सप्तमी को (4) माघ शुक्ला षष्ठी को

06. किस स्थान से भ० महावीर मोक्ष गये ?

(1) पावापुर से (2) कैलाश पर्वत से

(3) गिरनार से (4) सम्मेद शिखर से

07. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे ?

(1) श्री अजित नाथ (2) श्री संभवनाथ

3) श्री ऋषभनाथ (4) श्री कुन्थुनाथ

08. भ० महावीर की जन्मभूमि, तपोभूमि, निर्वाण भूमि और कार्यभूमि कहाँ रही है ?

(1) उड़ीसा में (2) बिहार में (3) महाराष्ट्र में (4) गुजरात में

09. भ० महावीर की धर्मसभा का मुख्य श्रोता कौन था ?

(1) सम्राट अशोक (2) राजा चेतक

(3) राजा श्रेणिक (4) राजा चन्द्रगुप्त

10. 'जिन'-शब्द का क्या अर्थ है ?

(1) जिताने वाला (2) जीतने वाला

(3) जतलाने वाला (4) जांचने वाला

11 'जिन' ने जिस धर्म का उपदेश दिया, वह धर्म कौन-सा है ?

(1) शैवधर्म (2) सिक्खधर्म (3) जैनधर्म (4) वैष्णवधर्म

12 जैनाचार का मूल क्या है ?

(1) अहिंसा (2) सत्य (3) अचौर्य (4) ब्रह्मचर्य

13 जैनधर्म के विचारों का मूल क्या है ?

(1) पूंजीवाद (2) स्याद्वाद (3) राष्ट्रवाद (4) अधिनायकवाद

14 वस्तुतत्त्व को प्रतिपादित करने वाली शैली का नाम क्या है ?

(1) स्याद्वाद (2) अनेकान्तवाद (3) साम्यवाद (4) प्रयोगवाद

15 वस्तुमात्र के परिवर्तन कराने में सहायक कौन-सा द्रव्य है ?

(1) धर्म द्रव्य (2) अधर्म द्रव्य (3) आकाश द्रव्य (4) काल द्रव्य

16 समस्त कर्मबन्धनों से छूट जाने को क्या कहते हैं ?

(1) बन्ध (2) संवर (3) निर्जरा (4) मोक्ष

17. कर्मों की स्थिति और अनुभाग के बढ़ने को क्या कहते हैं ?

(1) उत्कर्षण (2) अपकर्षण (3) निष्कर्षण (4) विकर्षण

18. एक कर्म का दूसरे सजातीय कर्मरूप हो जाने को क्या कहा जाता है ?

(1) निष्क्रमण (2) संक्रमण (3) परिक्रमण (4) परिभ्रमण

19. नियत समय के पहले कर्म का विपाक हो जाना, उदय में आ जाना क्या कहलाता है ?

(1) उदय (2) उदीरणा (3) उपशम (4) क्षयोपशम

**20.** सम्यग्दर्शन के कितने अंग हैं ?

(1) चार (2) छह (3) आठ (4) दश

**21.** 'प्रभावना' सम्यग्दर्शन का कौन-सा अंग है ?

(1) दूसरा (2) चौथा (3) छठवाँ (4) आठवाँ

**22.** ''जैनधर्म का प्राण'' किसे कहा जाता है ?

(1) अहिंसा (2) सत्य (3) अचौर्य (4) ब्रह्मचर्य

**23.** गृहस्थ कौन-सी हिंसा का त्यागी होता है ?

(1) संकल्पी (2) आरम्भी (3) उद्योगी (4) विरोधी

**24.** मुनि-आर्थिका, श्रावक-श्राविका किस संघ के अंग हैं ?

(1) जनसंघ के (2) जैनसंघ के (3) बौद्ध संघ के (4) सिक्ख संघ के

**25.** श्रावक के कितने मूल गुण होते हैं ?

(1) चार (2) छह (3) आठ (4) दश

**26.** श्रावक की कुल कितनी प्रतिमाएँ होती हैं ?

(1) सात (2) नौ (3) ग्यारह (4) तेरह

**27.** ''ब्रह्मचर्य' किस क्रम की प्रतिमा है ?

(1) पाँचवीं (2) सातवीं (3) नवमी (4) ग्यारहवीं

**28.** कुल व्यसन कितने होते हैं ?

(1) तीन (2) पाँच (3) सात (4) नौ

**29.** उचित कर का भुगतान न करना कौन - सा पाप है ?

(1) हिंसा (2) झूठ (3) चोरी (4) परिग्रह

**30.** 'सट्टेबाजी की लत' कौन-सा व्यसन है ?

(1) शिकार (2) जुआ (3) चोरी (4) वेश्यागमन

**31.** झूठे प्रमाण प्रस्तुत कर दूसरों का धन आदि हड़पना कौन- सा पाप है ?

(1) हिंसा (2) झूठ (3) चोरी (4) कुशील

**32.** 'मछली पालन' की सलाह देना कौन- सा पाप है ?

(1) पापोपदेश (2) हिंसादान (3) प्रमादचर्या (4) अपध्यान

**33.** संध्याकाल में एकान्त में बैठकर कुछ समय के लिए हिंसा आदि पापों से विरत होकर योग को स्थिर करके आत्मध्यान करना क्या कहलाता है ?

(1) कायक्लेश (2) सामायिक (3) वैयावृत (4) स्वाध्याय

**34.** जो वस्तु एक बार भोगी जा सकती है, उसे क्या कहते हैं ?

(1) भोग (2) उपभोग (3) परिभोग (4) अनुभोग

**35.** दिग० साधु में कितने मूलगुण होते हैं ?

(1) सात (2) चौदह (3) इक्कीस (4) अट्ठाईस

**36.** जो न तो इन्द्रिय- विषयों से विरक्त है, न त्रस-स्थावर जीवों की हिंसा का त्यागी है, किन्तु जिन मार्ग का दृढ़ श्रद्धानी है , उसे क्या कहा जाता है ?

(1) असंयत सम्यग्दृष्टि (2) संयतासंयत

(3) प्रमत्तसंयत (4) अप्रमत्त संयत

**37.** 'सयोग केवली' कौन-सा गुण स्थान है ?

(1) ग्यारहवाँ (2) तेरहवाँ (3) बारहवाँ (4) चौदहवाँ

**38.** जो लोक-परलोक, स्वर्ग-नरक, पाप-पुण्य को और परमात्मा को न माने, उसे क्या कहा जाता है ?

(1) नास्तिक (2) आस्तिक (3) स्वस्तिक (4) विकर्षित

**39.** निम्नांकित में न्यायग्रन्थ कौन-सा है ?

(1) समणसुत्त (2) द्रव्यसंग्रह

(3) न्यायदीपिका (4) तत्त्वार्थसूत्र

**40.** 'पंचास्तिकाय' के रचयिता कौन हैं ?

(1) आ० उमास्वामी (2) आ० नेमिचन्द्र

(3) आ० कुन्दकुन्द (4) आ० पूज्यपाद

**41.** 'समयसार' कैसा ग्रन्थ है ?

(1) पौराणिक (2) सैद्धान्तिक (3) आध्यात्मिक (4) ऐतिहासिक

**42.** निम्नांकित में 'टीकाग्रन्थ' कौन-सा है ?

(1) लब्धिसार (2) तत्त्वार्थसार

(3) तत्त्वार्थ सूत्र (4) तत्त्वार्थ वार्त्तिक

**43.** निम्नांकित में सूत्र ग्रन्थ कौन-सा है ?

(1) त्रिलोकसार (2) क्षपणासार (3) समयसार (4) तत्त्वार्थसूत्र

**44.** 'आप्तमीमांसा' के रचयिता कौन हैं ?

(1) आ० समन्तभद्र (2) आ० सिद्धसेन

(3) आ० विद्यानन्द (4) आ० यतिवृषभ

**45.** जैनन्याय के सर्जक संपोषक संवर्धक आचार्य कौन-से हैं ?

(1) आ० जिनसेन (2) आ०गुणधर (3) आ० अकलंक (4) आ० नेमिचन्द्र

**46.** 'पद्म चरित' कौन-सा ग्रन्थ है ?

(1) दार्शनिक (2) आध्यात्मिक (3) नीतिपरक (4) पौराणिक

**47.** निम्नांकित में 'काव्यग्रन्थ' कौन-सा है ?

(1) स्याद्वादमंजरी (2) प्रमेयरत्नमाला

(3) धर्मशर्माभ्युदय (4) आप्तपरीक्षा

**48.** प्राकृत भाषा का ग्रन्थ कौन-सा है ?

(1) नियमसार (2) सर्वार्थ सिद्धि

(3) परमात्मप्रकाश (4) रत्नकरण्डश्रावकाचार

**49.** निम्नांकित में कौन-सी कृति स्तुतिकाव्य है ?

(1) गद्य चिन्तामणि (2) वरांगचरित

(3) भक्तामर (4) सर्वार्थ सिद्धि

**50.** निम्नांकित में नीतिकाव्य कौन-सा है ?

(1) क्षत्रचूड़ामणि (2) जीवन्धरचम्पू

(3) द्रव्यसंग्रह (4) रयणसार

51. 'पंचास्तिकाय' किस भाषा में लिखा गया ग्रन्थ है ?

(1) संस्कृत में (2) प्राकृत में (3) अपभ्रंश (4) कन्नड़ में

52. जैनेन्द्र व्याकरण के रचयिता कौन हैं ?

(1) आ० पूज्यपाद (2) आ० समन्तभद्र (3) आ० मानतुंग (4) आ० भूतबली

53. 'कन्नड़' किस प्रान्त की भाषा है ?

(1) केरल (2) कर्नाटक (3) तमिलनाडु (4) आन्ध्रप्रदेश

54. जैनागमों की भाषा कौन-सी है ?

(1) प्राकृत (2) संस्कृत (3) अपभ्रंश (4) मराठी

55. श्रावक के प्रतिदिन के अवश्य करणीय कार्य कितने हैं ?

(1) दो (2) चार (3) छह (4) आठ

56. सर्वाधिक प्राचीन जैन शिलालेख कहाँ पाये जाते हैं ?

(1) देवगढ़ में (2) आबू में

(3) श्रवणबेलगोल में (4) वाराणसी में

57. जैनधर्म 'पाप का बाप' किसे कहा गया है ?

(1) क्रोध को (2) मान को (3) माया को (4) लोभ को

58. ज्ञान की शोभा काहे से बढ़ती है ?

(1) मान से (2) विनय से (3) शान से (4) प्रदर्शन से

59. जैनमूर्तिकला की अखिलविश्व को अनुपम देन भ० बाहुबली की मूर्ति कहाँ पर है?

(1) बैंगलोर में
(2) चैन्नई में
(3) हासन में
(4) श्रवणबेलगोल में

60. राजा राचमल्ल के सेनापति कौन थे ?

(1) कुमार पाल (2) चन्द्रगुप्त (3) चामुण्डराय (4) खारबेल

61. उत्तमक्षमादि की आराधना जिस पर्व में की जाती है, वह पर्व क्या कहलाता है ?

(1) होलिका पर्व
(2) रक्षाबन्धन पर्व
(3) दशलक्षण पर्व
(4) अष्टान्हिका पर्व

62. भगवान महावीर का निर्वाण-दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?

(1) चैती पूर्णिमा को
(2) श्रावणी पूर्णिमा को
(3) कार्तिकी अमावस्या को
(4) कार्तिकी पूर्णिमा को

63. श्री अकंपनाचार्य के संघ पर बलि द्वारा किए गये उपसर्ग को किसने दूर किया था ?

(1) श्री विष्णु कुमार ने
(2) श्री द्वीपायन ने
(3) श्री शान्तिसागर ने
(4) श्री ज्ञानसागर ने

64. गिरनार से मोक्ष जाने वाले तीर्थंकर का नाम क्या है ?

(1) श्री बिमलनाथ (2) श्री कुन्थुनाथ (3) श्री नेमिनाथ (4) श्री पार्श्वनाथ

65. निम्नांकित में से किसका निर्वाण सम्मेदशिखर से **नहीं** हुआ ?

(1) श्रीचन्द्रप्रभ (2) श्री वासुपूज्य (3) श्री धर्मनाथ (4) श्री पार्श्वनाथ

**66.** सम्मेदशिखर सिद्धक्षेम किस राज्य में है ?

(1) उत्तर प्रदेश में (2) मध्य प्रदेश में (3) बिहार में (4) झारखण्ड में

**67.** धवल, महाधवल, महाबन्ध कन्नड़ी लिपि में ताड़पत्रों पर कहाँ पर सुरक्षित हैं ?

(1) चेन्नई में (2) बैंगलौर में (3) हासन में (4) मूडबिद्री में

**68.** मूर्तिनिर्माण के लिए कौन-सा नगर विख्यात है ?

(1) कानपुर (2) जयपुर (3) जबलपुर (4) मिर्जापुर

**69.** उदयगिरि-खण्डगिरि की गुफाएँ किस राज्य में हैं ?

(1) आन्ध्र में (2) उड़ीसा में (3) महाराष्ट्र में (4) गुजरात में

**70.** प्राचीन काल में कौन-सा नगर शिक्षा केन्द्र के रूप में विख्यात था ?

(1) नागपुर (2) इलाहाबाद (3) तक्षशिला (4) इन्द्रप्रस्थ

**71.** प्राचीन जैन पुरातत्त्वीय अवशेष कहाँ से प्राप्त हुए हैं ?

(1) वाराणसी से (2) मोहनजोदड़ो हड़प्पा से

(3) आगरा से (4) दिल्ली से

**72.** बनारस में निम्नांकित में से किस तीर्थंकर ने जन्म लिया है ?

(1) श्री विमलनाथ (2) श्री कुन्थुनाथ (3) श्री मल्लिनाथ (4) श्री पार्श्वनाथ

**73.** तत्त्वार्थ सूत्र का दूसरा नाम क्या है ?

(1) प्राणिशास्त्र (2) मोक्षशास्त्र (3) अर्थशास्त्र (4) रसायन शास्त्र

**74.** तत्त्वार्थ सूत्र के रचयिता कौन हैं ?

(1) श्री पूज्यपाद (2) श्री उमास्वामी (3) श्री अकलंक (4) श्री शिवार्य

**75.** तत्त्वार्थ सूत्र किस भाषा का ग्रन्थ है ?

(1) संस्कृत (2) प्राकृत (3) अपभ्रंश (4) हिन्दी

**76.** अजीव तत्त्व का वर्णन तत्त्वार्थसूत्र के किस अध्याय में है ?

(1) तीसरे में (2) चौथे में (3) पांचवें में (4) छटवें में

**77.** तत्त्वार्थसूत्र में कुल कितने अध्याय हैं ?

(1) चार (2) छह (3) आठ (4) दस

**78.** तत्त्व कितने होते हैं ?

(1) पाँच (2) सात (3) नौ (4) ग्यारह

**79.** जो पदार्थ के सर्वदेश को ग्रहण करता है, उसे क्या कहते हैं ?

(1) प्रमाण (2) नय (3) निक्षेप (4) निर्देश

**80.** सम्यग्ज्ञान के कितने भेद हैं ?

(1) तीन (2) पाँच (3) सात (4) नव

**81.** प्रत्यक्ष प्रमाण के कितने भेद हैं ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**82.** एक जीव को एक साथ कितने ज्ञान हो सकते हैं ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**83.** नय कितने होते हैं ?

(1) पाँच (2) सात (3) नौ (4) ग्यारह

**84.** जीव के असाधारण भाव कितने हैं ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**85.** निम्नांकित में से कौन-सा भाव किसी भी कर्म की अपेक्षा नहीं रखता ?

(1) औपशमिक (2) क्षायोपशमिक (3) औदयिक (4) पारणामिक

**86.** चींटी की कितनी इन्द्रियाँ होती हैं ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**87.** तिर्यंचों और मनुष्यों का कौन- सा शरीर होता है ?

(1) औदारिक (2) वैक्रयिक (3) आहारक (4) अनाहारक

**88.** किन शरीरों का जीव के साथ अनादि से सम्बन्ध है ?

(1) औदारिक–वैक्रयिक (2) वैक्रियिक–आहारक

(3) आहारक–तैजस (4) तैजस–कार्माण

**89.** देव-नारकियों का कौन-सा शरीर होता है ?

(1) औदारिक (2) वैक्रयिक (3) आहारक (4) अनाहारक

**90.** पुष्करवर द्वीप के मध्य में कौन-सा पर्वत है ?

(1) हिमवान (2) महाहिमवान (3) निषध (4) मानुषोत्तर

**91.** असि, मसि, कृषि, वाणिज्य, विद्या, शिल्प की प्रवृत्तियां जहाँ होती हैं, उसे क्या कहते हैं ?

(1) कर्मभूमि (2) भोगभूमि (3) जन्मभूमि (4) मातृभूमि

**92.** देवों के मुख्य निकाय कितने हैं ?

(1) दो (2) चार (3) छह (4) आठ

**93.** जो कोतवाल के समान लोक का पालन करते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?

(1) लौकान्तिक (2) लोकपाल (3) लोकरंजक (4) लोकभंजक

**94.** व्यवहार काल का निर्धारण किन गतिशील देवों के द्वारा होता है ?

(1) विमानवासी देवों द्वारा (2) भवनवासी देवों द्वारा

(3) ज्योतिष्क देवों द्वारा (4) व्यंतर देवों द्वारा

**95.** 'सत' लक्षण किसका है ?

(1) द्रव्य का (2) गुण का (3) पर्याय का (4) नय का

**96.** जो गुण और पर्यायों से सहित होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(1) गुण (2) पर्याय (3) द्रव्य (4) उत्पाद

**97.** कुल द्रव्य कितने होते हैं ?

(1) दो (2) चार (3) छह (4) आठ

**98.** बहुप्रदेशी द्रव्यों की संख्या कितनी है ?

(1) तीन (2) चार (3) पाँच (4) छह

**99.** रूप, रस, गन्ध, स्पर्श किस द्रव्य में पाये जाते हैं ?

(1) पुद्गल में (2) धर्मद्रव्य में

(3) अधर्म द्रव्य में (4) आकाश द्रव्य में

**100.** जीव–पुद्गल को ठहरने में सहकारी कौन द्रव्य होता है ?

(1) धर्म द्रव्य (2) अधर्म द्रव्य (3) आकाश द्रव्य (4) काल द्रव्य

**101.** जो द्रव्यों के आश्रित हों और स्वयं निर्गुण हों, उसे क्या कहते हैं ?

(1) पर्याय (2) गुण (3) द्रव्य (4) ध्रौव्य

**102.** आकाश कितने प्रदेशी हैं ?

(1) एक प्रदेशी (2) संख्यात प्रदेशी (3) असंख्यात प्रदेशी (4) अनन्त प्रदेशी

**103.** मन, वचन, काय द्वारा आत्म प्रदेशों में होने वाले परिस्पंदन को क्या कहते हैं ?

(1) योग (2) उपयोग (3) उपभोग (4) परिभोग

**104.** कर्मों के आने के द्वार क्या कहलाते हैं ?

(1) आस्रव (2) बन्ध (3) संवर (4) निर्जरा

**105.** वस्तु के रखने को क्या कहते हैं ?

(1) निर्देश (2) स्वामित्व (3) निदर्शन (4) निक्षेप

**106.** रोने–रुलाने में किस कर्म का आस्रव होता है ?

(1) साता वेदनीय का (2) असातावेदनीय का

(3) अशुभ नाम कर्म का (4) नीच गोत्र का

**107.** झूठे आरोप लगाना क्या कहलाता है ?

(1) संवाद (2) विसंवाद (3) अवर्णवाद (4) परिवाद

**108.** बहुत आरम्भ और परिग्रह किस आयु के आस्रव का कारण है ?

(1) तिर्यंचायु के (2) नरकायु के (3) मनुष्यायु के (4) देवायु के

**109.** आत्म प्रशंसा और परनिन्दा किस कर्म का आस्रव कराते हैं ?

(1) असाता वेदनीय का (2) अशुभ नाम कर्म का

(3) नीचगोत्र का (4) नरक गति का

**110.** पाँचों पापों का एक देश त्याग होना क्या कहलाता है ?

(1) दिग्व्रत (2) देशव्रत (3) अणुव्रत (4) महाव्रत

**111.** पाँचों पापों का सर्वदेश त्याग क्या कहा जाता है ?

(1) अणुव्रत (2) महाव्रत (3) वैयाव्रत (4) प्रोषधोपवास

**112.** गुणवानों को देखकर हृदय में उल्लास होना कौन-सी भावना है ?

(1) मैत्री भावना (2) प्रमोद भावना

(3) कारुण्य भावना (4) माध्यस्थ भावना

**113.** सोलहकारण भावनाएँ किस कर्म के आस्रव का कारण हैं ?

(1) मिथ्यात्व प्रकृति के (2) सम्यक्त्व प्रकृति के

(3) तीर्थंकर प्रकृति (4) सम्यक्-मिथ्यात्व प्रकृति के

**114.** मूर्च्छा (ममत्वभाव) को क्या कहते हैं ?

(1) अवग्रह (2) अनुग्रह (3) परिग्रह (4) उपग्रह

**115.** जो आत्मा को कांटे की तरह दुःख देवे, उसे क्या कहते हैं ?

(1) घात (2) उपघात (3) परिघात (4) शल्य

**116.** गुणव्रतों और शिक्षाव्रतों को क्या कहते हैं ?

(1) अणुव्रत (2) महाव्रत (3) शीलव्रत (4) गुणव्रत

**117.** किस व्रत में प्रयोजन रहित पापवर्द्धक क्रियाओं का त्याग होता है ?

(1) दिग्व्रत में (2) देशव्रत में

(3) अनर्थदण्डत्यागव्रत में (4) शिक्षाव्रत में

**118.** मरण पर्यन्त सूक्ष्म पापों की निवृत्ति के लिए दशों दिशाओं में आवागमन का परिमाण कर उससे बाहर नहीं जाना कौन-सा व्रत है ?

(1) दिग्व्रत (2) महाव्रत (3) शिक्षाव्रत (4) गुणव्रत

**119.** व्रतों का एकदेश भंग होना क्या कहलाता है ?

(1) अतिचार (2) अनाचार (3) दुराचार (4) अत्याचार

**120.** जो आत्मा को कषे, दुर्गतियों में भटकावे, उसे क्या कहते हैं ?

(1) अविरति (2) प्रमाद (3) कषाय (4) योग

**121.** व्रतों के पालन में, धर्मादि शुभक्रियाओं में उत्साहपूर्वक प्रवृत्ति न करने को क्या कहते हैं ?

(1) अविरति (2) प्रमाद (3) कषाय (4) योग

**122.** ज्ञानावरणादि के रसविशेष (शक्ति विशेष) को क्या कहते हैं ?

(1) प्रकृति बन्ध (2) स्थिति बन्ध (3) प्रदेश बन्ध (4) अनुभाग बन्ध

**123.** प्रकृति बन्ध के कितने भेद हैं ?

(1) चार (2) छह (3) आठ (4) दश

**124.** जो जीव को नारकी तिर्यंच मनुष्य तथा देवों के शरीर में रोके रखे, उसे कौन-सा कर्म कहते हैं ?

(1) नामकर्म (2) गोत्रकर्म (3) आयुकर्म (4) वेदनीयकर्म

**125.** आस्रव निरोध को क्या कहते हैं?

(1) बन्ध (2) संवर (3) निर्जरा (4) मोक्ष

**126.** गुप्तियां कितनी होती हैं ?

(1) तीन (2) चार (3) पाँच (4) छह

**127.** समितियाँ कितनी होती हैं ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**128.** धर्म के कितने भेद हैं ?

(1) आठ (2) दश (3) बारह (4) चौदह

129. अनुप्रेक्षाएँ कितनी हैं?

(1) नौ (2) दश (3) ग्यारह (4) बारह

130. परीषह कितने प्रकार के हैं ?

(1) अठारह (2) बाईस (3) छब्बीस (4) तीस

131. अभ्यन्तर तप के कितने भेद हैं ?

(1) दो (2) चार (3) छह (4) आठ

132. स्वाध्याय तप के कितने भेद हैं ?

(1) तीन (2) चार (3) पाँच (4) छह

133. शास्त्र को पढ़कर अर्थ का चिन्तवन करना कौन-सा तप है ?

(1) अनशन (2) वैयावृत्त (3) स्वाध्याय (4) व्युत्सर्ग

134. पूज्य पुरुषों को देखकर खड़े होना, नमस्कार आदि करना, कौन-सा तप है ?

(1) प्रायश्चित तप (2) विनय तप (3) वैयावृत्त तप (4) स्वाध्याय तप

135. किसी एक विषय में चित्त को रोकना क्या कहलाता है ?

(1) कायक्लेश (2) वैयावृत्त (3) व्युत्सर्ग (4) ध्यान

136. हिंसा में आनन्दित होना कौन-सा ध्यान है ?

(1) आर्तध्यान (2) रौद्रध्यान (3) धर्मध्यान (4) शुक्लध्यान

137. इष्ट के वियोग होने पर उसके संयोग हेतु बार-बार चिन्तन करना कौन-सा ध्यान है ?

(1) आर्तध्यान (2) रौद्रध्यान (3) धर्मध्यान (4) शुक्लध्यान

**138.**लोक के आकार आदि का चिन्तन किस ध्यान में किया जाता है ?

(1) आर्तध्यान (2) रौद्रध्यान (3) धर्मध्यान (4) शुक्लध्यान

**139.**समस्त कर्मों का अत्यन्त अभाव हो जाना क्या है ?

(1) बन्ध (2) संवर (3) निर्जरा (4) मोक्ष

**140.**कुल गुणस्थान कितने होते हैं ?

(1) सात (2) चौदह (3) इक्कीस (4) अट्ठाईस

**141.**नरकगति में अधिक से अधिक कितने गुणस्थान होते हैं ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**142.**'कषाय' किस गुणस्थान तक रहती है ?

(1) छठवें (2) आठवें (3) दसवें (4) बारहवें

**143.**योग कौन गुणस्थान तक रहता है ?

(1) ग्यारहवें (2) बारहवें (3) तेरहवें (4) चौदहवें

**144.**क्षुल्लक महाराज का कौन-सा गुण स्थान होता है ?

(1) तीसरा (2) चौथा (3) पांचवाँ (4) छठवाँ

**145.**कर्मपरिणत स्कन्धों का आत्मा के साथ ठहरने के काल को क्या कहा जाता है ?

(1) प्रकृति बन्ध (2) प्रदेश बन्ध

(3) स्थिति बन्ध (4) अनुभाग बन्ध

**146.**कर्मों का आत्मा से सर्वथा पृथक् (अलग) हो जाना क्या कहलाता है ?

(1) उपशम (2) क्षय (3) क्षयोपशम (4) उदीरणा

**147 .**किस कर्म के उदय से जीव को सुख–दुःख की अनुभूति होती है ?

(1) ज्ञानावरण (2) दर्शनावरण (3) वेदनीय (4) मोहनीय

**148.**जो जीव को उच्च या नीच कुल में उत्पन्न कराता है, वह कौन–सा कर्म है ?

(1) आयुकर्म (2) गोत्रकर्म (3) नामकर्म (4) अन्तरायकर्म

**149.** शरीर की रचना में कौन–सा कर्म कारण है ?

(1) वेदनीय कर्म (2) आयुकर्म (3) नामकर्म (4) गोत्रकर्म

**150.**मनुष्य को इष्ट/अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति किस कर्म के उदय से होती है ?

(1) पुण्यकर्म के उदय से (2) पापकर्म के उदय से

(3) आयुकर्म के उदय से (4) गोत्रकर्म के उदय से

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

*(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)*

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. *उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।*
4. अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. *उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।*
6. *ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।*
7. *उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।*
8. *प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।*
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. *ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।*
11. रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त *केवल **ओ एम आर उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।